nt>

Title: Need to provide financial assistance to the Government of Andhra Pradesh for constructing a flyover between Dilkushnagar and Ameerpet in Hyderabad.

श्री एम. अंजन कुमार यादव (सिकन्दराबाद) : मेरे संसदीय क्षेत्र के हैदराबाद की जनसंख्या 60 लाख से ज्यादा हो गई है और वाहनों की संख्या बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही है, जिसके कारण हैदराबाद के कई इलाकों में आए दिन जाम होते रहते हैं। लोगों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचने में काफी देरी होती है। आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। हैदराबाद के दिलकुश नगर में अमीर पेठ के 11 किलो मीटर के बीच एक फ्लाई ओवर बनाने की योजना, इस मार्ग पर जाम को दूर करने के लिए बनाई गई थी, जिसे पूरा नहीं किया गया है। इस पुल के बनाने में केन्द्र सरकार की तरफ से वित्तीय सहायता दिए जाने की आवश्यकता है, जिससे इस फ्लाई ओवर का निर्माण शीघ्रता से पूरा किया जा सके। इस मार्ग पर कई व्यावसायिक वाहन भी चलते हैं। यह मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग सात पर मिलता है इससे निश्चय ही यातायात की अच्छी व्यवस्था हो जाएगी।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त फ्लाई ओवर के निर्माण में केन्द्रीय स्तर पर वित्तीय सहायता तत्काल दी जाए।